भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3555
उत्तर देने की तारीख 10 अगस्त, 2026
19 श्रावण, 1948 (शक)

माय भारत (मेरा युवा भारत) प्लेटफॉर्म

3555. डॉ. नामदेव किरसान:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने छात्रों और युवा नागरिकों के बीच युवाओं की भागीदारी, राष्ट्र-निर्माण और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाए जाने के लिए विकसित भारत युवा संपर्क कार्यक्रम को 'माय भारत' (मेरा युवा भारत) प्लेटफॉर्म के अंतर्गत शामिल कर नई पहल शुरू की है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्यवार / संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है, और विशेषकर ग्रामीण, जनजातीय और आकांक्षी जिलों से पंजीकृत और भाग लेने वाले युवाओं की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने कौशल विकास, स्वयंसेवा और सामुदायिक सेवा को एकीकृत करके शैक्षणिक संस्थानों, नेहरू युवा केंद्रों (एनवाईके), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों और खेल संगठनों के माध्यम से युवाओं की भागीदारी को सुदृढ़ करने की कोई योजना तैयार की है; और

(घ) सरकार द्वारा सुदूर और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों के युवाओं की ऐसे कार्यक्रमों में एकसमान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए / उठाए जा रहे कदम क्या हैं, साथ ही पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान आवंटित की गई और उपयोग की गई निधि कितनी है ?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) सरकार ने राष्ट्र-निर्माण, स्वयंसेविता, नेतृत्व विकास, नागरिक सहभागिता और सामाजिक जागरूकता में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए माय भारत (मेरा युवा भारत) प्लेटफॉर्म के अंतर्गत कई पहल शुरू की हैं।

विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम एक ऐसी पहल है, जिसके अंतर्गत विकसित भारत @2047 के विजन के अनुरूप संवादात्मक सत्रों, चर्चाओं और गतिविधियों के माध्यम से विश्वविद्यालयों,

महाविद्यालयों और संस्थानों में युवाओं को जोड़ा जाता है। जुलाई 2026 तक देशभर के 175 विश्वविद्यालयों/संस्थानों में ऐसे कुल 175 कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 34,500 विद्यार्थियों की भागीदारी रही है।

मंत्रालय, माय भारत के माध्यम से, नशा-मुक्त भारत की दिशा में राष्ट्रव्यापी युवा आंदोलन के रूप में "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत" अभियान का कार्यान्वयन कर रहा है। इस अभियान का शुभारंभ 18–20 जुलाई 2025 के दौरान वाराणसी में आयोजित युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन के साथ हुआ, जिसमें 125 से अधिक आध्यात्मिक संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 550 से अधिक युवाओं ने भाग लिया और इसके समापन पर काशी संकल्प अपनाया गया। इसके पश्चात, 2,000 से अधिक स्थानों (सितंबर 2025) पर राष्ट्रव्यापी युवा आध्यात्मिक कार्यक्रमों तथा में आईआईएम शिलांग में पूर्वोत्तर क्षेत्रीय चिंतन शिविर (मई 2026) के माध्यम से अभियान का विस्तार हुआ। दिनांक 2 अगस्त को राष्ट्रव्यापी "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान" का शुभारंभ किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न आध्यात्मिक संगठनों, समुदाय-आधारित संगठनों, माय भारत तथा माय भारत–एनएसएस द्वारा 28,000 से अधिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 1 करोड़ से अधिक युवाओं ने भाग लिया।

(ख) आज की तिथि के अनुसार, माय भारत प्लेटफॉर्म पर 2.50 करोड़ से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया है। पंजीकृत युवाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है। यह प्लेटफॉर्म स्वयंसेवा, एक्सपीरिएंशियल लर्निंग, सामुदायिक सेवा और राष्ट्रीय पहलों में भागीदारी के अवसर प्रदान करता है। आज की तिथि के अनुसार, 1.93 लाख वॉलंटियर फॉर भारत कार्यक्रमों के अंतर्गत 10.93 लाख से अधिक युवाओं ने आवेदन किया है, जबकि 25,131 एक्सपीरिएंशियल लर्निंग कार्यक्रम (ईएलपी) में 1.24 लाख आवेदन दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा, 63 लाख से अधिक युवाओं ने विभिन्न प्रश्नोत्तरी में भाग लिया है तथा माय भारत पोर्टल के माध्यम से देशभर से 1.43 लाख से अधिक निबंध प्राप्त हुए हैं।

(ग) सरकार माय भारत, माय भारत–राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), खेल संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से स्वयंसेवा, एक्सपीरिएंशियल लर्निंग, नेतृत्व विकास और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करते हुए युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देती है।

माय भारत एक फिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है, जो मंत्रालयों, शैक्षणिक संस्थानों और संगठनों को युवाओं से संबंधित कार्यक्रमों के संचालन और उनमें युवाओं को जोड़ने में सक्षम बनाता है। साथ ही, जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विषयों पर प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की जाती हैं। यह प्लेटफॉर्म देशभर के युवाओं के लिए स्वयंसेवा, एक्सपीरिएंशियल लर्निंग और सामुदायिक सेवा के अवसर उपलब्ध कराता है।

इसके अलावा, माय भारत और माय भारत–एनएसएस द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, आपदा तैयारी, डिजिटल साक्षरता, फिट इंडिया, एक भारत श्रेष्ठ भारत, मादक द्रव्यों के दुरुपयोग के प्रति जागरूकता, विकसित भारत पदयात्रा, युवा क्लब विकास अभियान, नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत, वंदे मातरम् शिविर, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्त्व के दिवसों का आयोजन, क्लस्टर-स्तरीय ब्लॉक खेल प्रतियोगिताएं और जिला-स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं, सक्रिय युवा क्लबों को खेल सामग्री का वितरण, अंतर-राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम, युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास में एक्सपीरिएंशियल लर्निंग कार्यक्रम (ईएलपी), भावी युवा नेताओं का बूटकैंप, सेवा पखवाड़ा, माय भारत ब्लॉक-स्तरीय युवा क्लब सम्मेलन, स्थानीय विषय-आधारित कार्यक्रम, विकसित जीवंत ग्राम कार्यक्रम, विकसित भारत युवा संसद तथा विकसित भारत युवा नेता संवाद–राष्ट्रीय युवा महोत्सव जैसी गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, जिससे युवाओं में नेतृत्व, नागरिक उत्तरदायित्व और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा मिलता है।

खेलो भारत नीति, 2025, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप, खेलों को शिक्षा के साथ एकीकृत करती है, खेलों को करियर के रूप में अपनाने को बढ़ावा देती है तथा खेल महोत्सवों, प्रतियोगिताओं और प्रतिभा पहचान कार्यक्रमों के माध्यम से समावेशी भागीदारी को प्रोत्साहित करती है।

(घ) सरकार, माय भारत के माध्यम से, राष्ट्रव्यापी कवरेज के माध्यम से समावेशी युवा भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वार्षिक कार्य योजना 2026–27 में कई लक्षित पहलों को शामिल किया है। युवा कार्यक्रम विभाग के अंतर्गत धनराशि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार नहीं, बल्कि स्कीम-वार आवंटित की जाती हैं। प्रत्येक कार्यक्रम पर व्यय संबंधित स्कीमों के अंतर्गत बजटीय आवंटन से अनुमोदित वार्षिक कार्य योजना के अनुसार किया जाता है।

उपरोक्त बिंदु 'ग' में उल्लिखित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन ग्रामीण, जनजातीय, सीमावर्ती, दूरस्थ, आकांक्षी तथा वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों के युवाओं पर विशेष ध्यान देते हुए किया जाता है। इसके लिए जनजातीय एवं सीमावर्ती क्षेत्र युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम जैसी पहलों के माध्यम से नेतृत्व, राष्ट्रीय एकीकरण, एक्सपोजर एवं अवसरों तक पहुंच, समान अवसर तथा सामाजिक-आर्थिक समावेशन को बढ़ावा दिया जाता है।

*****

अनुबंध-I

माय भारत (मेरा युवा भारत) प्लेटफॉर्म के संबंध में दिनांक 10.08.2026 के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3555 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कुल पंजीकरण
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	29009
आंध्र प्रदेश	822681
अरुणाचल प्रदेश	46542
असम	656181
बिहार	696822
चंडीगढ़	79447
छत्तीसगढ	578559
दिल्ली	695520
गोवा	53099
गुजरात	962208
हरियाणा	767366
हिमाचल प्रदेश	309519
जम्मू और कश्मीर	922663
झारखंड	349945
कर्नाटक	832199
केरल	594486
लद्दाख	40083
लक्षद्वीप	6468
मध्य प्रदेश	1445494
महाराष्ट्र	1529734
मणिपुर	43606
मेघालय	52586
मिजोरम	71318
नागालैंड	45201
ओडिशा	594921
पुदुचेरी	86242
पंजाब	633925
राजस्थान	2066102
सिक्किम	48170

तमिलनाडु	1564188
तेलंगाना	409608
दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	23295
त्रिपुरा	124568
उत्तर प्रदेश	2540933
उत्तराखंड	319805
पश्चिम बंगाल	860708
राज्य का उल्लेख नहीं है	4127177
कुल	**25030378**

****